बदहाली | महापौर से की गई है विशेष पैकेज राशि की मांग

टूटी सड़कें, कच्ची नालियां बनी वार्ड की पहचान

नवभारत, जबलपुर। शहर के दो बड़े वार्डों में से एक सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड और संजय गाँधी वार्ड में इन दिनों मूलभूत सुविधाओं की कमी लोगों के लिए लगातार परेशानी का कारण बनी हुई है। एक ओर जहां संजय गांधी वार्ड के वासियों का कहना है कि उनके क्षेत्र में अब भी कच्ची सड़कें और नालियां हैं, जिनमें लंबे समय से सुधार कार्य नहीं हुए हैं वही गर्मी के इस मौसम में सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की कमी को लेकर सामने आ रही है। बात करें अगर पार्षद मोहम्मद कलीम और अनुपम जैन की तो उन्होंने नवभारत को बताया कि उनके वार्ड पिसनहारी मढ़िया से तिलवारा और रामपुर मांडवा से रज़ा चौक एवं अन्य क्षेत्रों तक फैला हुआ है लेकिन संसाधनों की कमी के चलते यह क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ माना जाता है। संजय गांधी वार्ड के पार्षद का कहना है कि उनको पार्षद निधि के रूप में लगभग 90 लाख रुपये मिलते हैं, जिनसे आवश्यकता अनुसार छोटे-छोटे सुधार कार्य कराए जाते हैं, लेकिन पूरे वार्ड की स्थिति को देखते हुए यह राशि ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है।

बुरे हाल में है वार्ड

संजय गांधी वार्ड के पार्षद ने बताया कि उनके वार्ड में सड़क और नालियों की स्थिति सुधारने के लिए महापौर से 8 से 10 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की मांग भी की गई थी, ताकि कच्ची सड़कों और नालियों को पक्का कराया जा सके। हालांकि अब तक इस दिशा में कोई बड़ा कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उनका कहना है कि कई ठेकेदार काम करने के लिए तैयार नहीं होते क्योंकि उनका आरोप है कि नगर निगम समय पर भुगतान नहीं करता। पानी की समस्या को लेकर पार्षद ने कहा कि पूरे क्षेत्र में केवल एक ही पानी की टंकी बनी हुई है, जिससे पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पाती। गर्मी के दिनों में पानी की खपत बढ़ने से संकट और गहरा जाता है। नगर निगम की ओर से टैंकरों की व्यवस्था की जाती है, लेकिन टैंकर कम होने से लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम, महापौर और कमिश्नर तक कई बार शिकायतें पहुंचाई गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। लोगों का आरोप है कि शिकायतें केवल सुन ली जाती हैं, लेकिन समस्याओं के निराकरण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जाते।

इनका कहना है

हम लोग कई सालों से कच्ची सड़क और पानी की समस्या झेल रहे हैं। शिकायत करने के बाद भी कोई स्थायी समाधान नहीं हो रहा।

रजनी ठाकुर, वार्ड वासी

गर्मी में पानी की सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। कई बार टैंकर का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन समय पर पानी नहीं मिल पाता है।

मोहम्मद रईस, वार्ड वासी

वार्ड को हर बार स्वीकृत राशि मिलती है इस बार जो राशि मिलनी थी वह अभी तक नहीं मिली है नगर निगम द्वारा पानी के टैंकर की व्यवस्था करवाई जाती है परंतु वार्ड में पानी की एक ही टंकी होने कि कारण दिक्कत हो रही है।

अनुपम जैन, पार्षद, सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड

मेरे वार्ड को पार्षद निधि तो मिलती है पर यहाँ की सड़क और नाली कच्ची होने कि कारण ये राशि काम पड़ती है। मैंने महापौर से माँग कर अलग से 10 करोड़ की राशि स्वीकृत करने की बात की थी लेकिन इस पर अमल नहीं हो सका है।

मोहम्मद कलीम पार्षद, संजय गांधी वार्ड

कछपुरा मालगोदाम से हो रहे धूल प्रदूषण को लेकर अवमानना याचिका

जबलपुर। राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी में जबलपुर के कछपुरा मालगोदाम से हो रहे धूल प्रदूषण को लेकर एक अवमानना याचिका दायर की गई है। दरअसल, एक वर्ष पूर्व में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए थे। इसके बावजूद भी मालगोदाम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित रेग्युलेशन का पालन नहीं किया गया, साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने न तो मानिटरिंग की न ही सुधार हेतु कोई कदम उठाए।

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डा. पीजी नाजपांडे व सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव ने याचिका दायर कर बताया कि कछपुरा मालगोदाम के आसपास रहने वाले 50 हजार लोगों का जीना दूभर हो गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पांच अप्रैल, 2023 को कछपुरा रेल्वे गुड्स शेड हेतु कंसेंट आर्डर जारी किया था और वायु व ध्वनि आदि के प्रदूषण की शर्तों का पालन करने हेतु सख्त निर्देश दिये थे। किंतु तीन वर्ष बीतने के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कोई कार्यवाही नहीं की। अधिवक्ता प्रभात यादव व तरुण रावत ने बताया की इटारसी के मालगोदाम में ऐसी ही स्थितियों बनी थीं, अत: एनजीटी ने जांच समिति गठित की थी। इसी के तर्ज पर कछपुरा मालगोदाम के सिलसिले में भी जांच समिति गठित करें।

गंभीर बीमारी छिपाकर शादी की इसलिए तलाक मंजूर, पति के विरुद्ध पत्नी को मिली राहत

जबलपुर। कुटुम्ब न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश मुकेश कुमार दांगी की अदालत ने पति द्वारा गंभीर बीमारी छिपाकर शादी किए जाने के रवैये को अनुचित करार दिया। इसी के साथ पत्नी के हक में विवाह विच्छेद का आदेश पारित कर दिया। आवेदिका गंगानगर, गढ़ा निवासी निकिता दुबे की ओर से अधिवक्ता राजेश राय, आकाश राय व प्रमित पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आवेदिका का विवाह मंडला निवासी जितेन्द्र दुबे के साथ संपन्न हुआ था। विवाह के दो माह बाद अचानक पति को मिर्गी का दौरा पड़ा। जिसे देखकर पत्नि घबरा गई और उसने अपने सास ससुर को बुलाया तो उन्होंने पति को कोई दवाई पिलाई। जिससे वह थोडी देर में ठीक हो गया। पत्नि के पूछने पर सास ससुर ने बताया कि अचानक ही उसकी तबीयत खराब हो जाती है और दवा देने से वह अच्छा हो जाता है। बाद में पत्नि ने अपने पति से पूछा कि आपको क्या हो गया था तो पति ने बताया कि उसे मिर्गी का दौरा पड़ा था और ऐसा विवाह के पहले से ही होता रहा है। उक्त बात पता चलने पर पत्नि का अपने पति के साथ रहना मुश्किल हो गया और पति की हालत दिनों दिन असामान्य होने लगी और वह पागलों के समान हरकतें करने लगा। मायके में पिता के आंख का आपरेशन की बात बताकर वह अपने मायके पुत्री सहित आ गई और फिर वापिस नहीं गई।

ममता बनर्जी के भतीजे के मामले में अगली सुनवाई 16 जून को

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की याचिका की सुनवाई 16 जून तक के लिए बढ़ा दी है। इस बीच याचिकाकर्ता के विरुद्ध भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट से जारी गिरफ्तारी वारंट पर रोक बरकरार रहेगी। हालांकि न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि अगली सुनवाई दौरान उनके पैरोकार बहस नहीं करते तो आवेदन पर गुण-दोषों के आधार पर विचार किया जाएगा और अंतरित राहत आगे नहीं बढ़ाई जायेगी। दरअसल, मानहानि का केस आकाश विजयवर्गीय ने दायर किया है। नवंबर 2020 में कोलकाता में आयोजित एक सभा में अभिषेक बनर्जी ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय को गुंडा कहा था। इस बयान को लेकर आकाश ने 2021 में मानहानि का मामला दर्ज कराया था। अभिषेक की ओर से याचिका दायर कर दलील दी गई थी कि वे वर्तमान में टीएमसी सांसद हैं और उनके फरार होने की संभावना नहीं है। मामले में आगे हुई सुनवाई पर आवेदक की ओर से समय दिये जाने की प्रार्थना पर न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

वेतन नहीं बढ़ने से आक्रोशित कर्मचारियों ने पंप का नहीं खोला ताला

- ओएफके को आपरेटिव सोसाइटी के पंप का मामला
- दो घंटे रहा पेट्रोल पंप बंद, बाद में हुआ शुरू

नवभारत,जबलपुर। आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) को आपरेटिव सोसाइटी द्वारा संचालित पेट्रोल पंप में सोमवार सुबह शिफ्ट में कम करने वाले कर्मचारियों ने पंप नहीं खोला। पंप में हड़ताल करने की खबर भी तेजी से फैली जिसके बाद निर्माणी में भी चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। पंप में ताला न खुलने की वजह पता की गई तो सामने आया कि पंप में कार्यरत करीब 5 कर्मचारी जो अस्थाई नौकरी कर रहे हैं वे वेतन 18 हजार रुपए करने की मांग कर रहे थे और मांग पूरी नहीं होने पर उन्होंने पंप का

ताला नहीं खोला जिस कारण करीब दो घंटे तक पेट्रोल पंप की सुविधा बंद रही। इसके बाद एआईडीईएफ के पदाधिकारियों ने हस्तक्षेप किया और आश्वासन दिया जिसके बाद दोपहर में पेट्रोल पंप चालू कर दिया गया। जानकारी के अनुसार इस पेट्रोल पंप में करीब 16 कर्मचारी कार्य करते हैं जिनमें से कुछ नियमित हैं और कुछ अस्थाई हैं। ये हड़ताल पर जाने का फैसला पंप के अस्थाई कर्मियों ने लिया था।

नियमित करने का दिखाया था सपना

पेट्रोल पंप में हड़ताल पर जाने वाले कर्मचारियों ने नवभारत को बताया कि उन्हें नियमित करने का सपना दिखाकर काम पर लगाया गया था औश्र 10 हजार रुपए दिया जाता था। लेकिन पंप में 10 साल से अधिक वर्ष की सेवाएं देने के बाद भी उन्हें नियमित नहीं किया गया है यहां तक की उनका पीएफ भी नहीं काटा जा रहा है जिसको लेकर पंप के कर्मचारियों में पिछले लंबे समय से आक्रोश पनप रहा है।

कर्मचारियों के शोषण के खिलाफ आज निकलेगा मशाल जुलूस, पूर्व विधायक ने किया ऐलान

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम के सफाई ठेके में काम पर लगाए गए सफाई मित्रों एवं विभिन्न विभागों में काम पर लगाए गए आउटसोर्स कर्मचारियों के आर्थिक, शारीरिक और मानसिक शोषण का विरोध अब सड़कों पर आ रहा है। पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने सोमवार को इस मुद्दे को लेकर विशाल मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। उनके मुताबिक मंगलवार की शाम 6 बजे मालवीय चौक से नगर निगम तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा जिसमें पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की अगुवाई में सफाई ठेका कर्मचारी और आउटसोर्स कर्मी भी बड़ी संख्या में शामिल होकर शासकीय नियमों और ठेका नियम शर्तों के मुताबिक अपने अधिकारों की रक्षा की आवाज़ बुलंद करेंगे और नगरनिगम में ठेकेदार, अफसरों और सत्ताधीशों के बीच सांठगांठ और शोषण के खेल को उजागर करते हुए पुरजोर विरोध करेंगे।

नहीं दी जा रही न्यूनतम मजदूरी

पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने बताया है कि कर्मचारियों को कलेक्टर गाइड लाइन के हिसाब से न्यूनतम मजदूरी नहीं दी जा रही बल्कि आज भी उनकी दिहाड़ी 220 रुपये मात्र है? सिर्फ इतना ही नहीं नगर निगम ठेकेदार को 30 दिन का वेतन दे रहा है मगर ठेकेदार कर्मचारियों मात्र 26 दिन की मजदूरी ही दे रहा है? नियम अनुसार कर्मचारियों के पीएफ और ईएसआईसी की राशि भी ठेकेदार द्वारा जमा नहीं की जा रही जिससे भविष्य में भी कर्मचारियों को कोई लाभ या सहायता मिलने वाली नहीं है?

नगर निगम अपर आयुक्त वित्त कार्यालय होगा और सुदृढ

जल्द लगेंगे सीसीटीव्ही कैमरे

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम कार्यालयीन व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाने की दिशा में तत्परता से कार्य कर रहा है। अपर आयुक्त वित्त कार्यालय मे नियमानुसार कराय जा रहे रेनोवेशन कार्य के दौरान कार्यालय से हटाए गए पुराने बंद कैमरों के स्थान पर अब जल्द ही नए कैमरे लगाए जाएंगे।

इस संबंध में अपर आयुक्त वित्त अशफाक परवेज कुरैशी ने बताया कि रेनोवेशन के दौरान उन्हें जानकारी दिए बिना बंद कैमरों को हटा दिया गया था. समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के माध्यम से जानकारी लगी तो स्टाफ को बुलाकर पूछने पर बताया गया कि अपर आयुक्त के कार्यालय में आने से पूर्व कैमरे बंद पड़े हुए थे और ऑफिस में सुधार के कार्य हो रहे थे जिसके कारण बंद पड़े कैमरे को निकाल दिया गया था। उन्होंने बताया कि आवश्यकतानुसार नए सिरे से कैमरे लगाये जायेगें। उन्होंने कहा कि एक दैनिक समाचार पत्र में कैमरे निकालने के संबंध में गलत तथ्यों के साथ समाचार प्रकाशित की गयी थी।

जबकि वास्तविकता यह है कि कैमरा काफी दिनों से बंद पड़ा हुआ था और मेरी जानकारी में नहीं था। अब कार्यालय दुरूस्त हो गया है शीघ्र ही जरूरत के हिसाब से कैमरे लगाने की कार्यवाही की जायेगी।

ओएफके से रिटायर्ड इंजीनियर के घर चोरी

जबलपुर । गोराबाजार थाना अंतर्गत पुरानी बस्ती कजरवारा में रहने वाले ओएफके से रिटायर्ड इंजीनियर के घर में चोरों ने धावा बोलते हुए सोने चांदी के जेवरात, नगदी पार कर दी । पुलिस के मुताबिक कंछीलाल उपाध्याय 73 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती कजरवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ऑडिनेंश खमरिया फैक्ट्री ए ग्रेट इंजीनियर के पद से वर्ष 2002 से रिटायर्ड है। 10 मई को शाम लगभग 6 बजे वह अपने घर के दरवाजे व गेट में ताला लगाकर पूजा करने पत्नी के साथ बेटे राजेश उपाध्याय के घर नर्मदा नगर बिलहरी गया था और सोमवार सुबह लगभग 8 बजे वह अपने घर कजरवारा वापस आया देखा कि गेट का ताला लगा हुआ था गेट खोलकर अंदर जाकर देखा कमरे के दरवाजे में ताला लगा था कुंदा उखड़ा हुआ था सामान बिखरा हुआ था एवं आलमारी का पल्ला खुला था पूजा वाले कमरे में जाकर देखा आलमारी खुली हुयी थी चैक करने पर सोने की चार अंगूठी, एक चैन, चांदी की पायल बिछिया, नगदी रूपये गायब थे।

बुजुर्ग महिला से 14.43 लाख की ठगी

भेष बदलकर जालसाज ने बुना जाल

जबलपुर। अधारताल थान अंतर्गत न्यू रामनगर निवासी बुजुर्ग महिला को जालसाज ने अपना शिकार बनाते हुए करीब साढ़े चौदह लाख रुपये की चपत लगा दी। जालसाज ने भेष बदलकर वृद्धा को अपने जाल में फंसाया था । पुलिस ने रिपोर्ट पर साइबर ठग क खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है ।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार किरन सिंह (60) निवासी न्यू रामनगर ने रिपोर्ट दर्ज कि उन्होंने क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाई किया था । जिसके बाद उनके पास मैसेज आया कि उन्हें क्रेडिट कार्ड मिल चुका है लेकिन उन्हें कार्ड नहीं मिला था। जिसके बाद उन्होंने शिकायत दर्ज कराने उन्होंने गूगल में संबंधित अधिकारी का नंबर सर्च किया था।

इसके बाद वे साइबर ठग के चंगुल में फंस गई। इसके बाद ठग ने उन्हें आश्वासन दिया कि उन्हें जल्द ही क्रेडिट कार्ड मिल जायेगा। उसने एक लिंक भेजी जिसे खोलने की उनका मोबाइल हैक हो गया। ठग ने उनके साथ सुनियोजित तरीके से ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की। आरोपित ने किरन सिंह को पहले संबंधित कार्ड का अधिकारी बना अपने विश्वास में लिया और भेष बदलकर उनके खाते से कुल 14,43,797 रुपये उड़ा लिए । अधारताल प्रकरण दर्ज कर तकनीकी साक्ष्यों को जुटा रही है। साइबर सेल की मदद से ट्रांजैक्शन डिटेल्स और संदिग्ध नंबरों को ट्रेस किया जा रहा है।

सूने मकान में तोड़फोड़ करने वाले उपद्रवियों पर एफआईआर दर्ज

जबलपुर। घमापुर थाना अंतर्गत रेवा डेयरी के पीछे रविवार को सूने मकान को निशाना बनाते हुए करीब एक दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने हमला बोल घर का ताला तोड़कर न केवल अंदर प्रवेश किया था, बल्कि जमकर उत्पात मचाते हुए घर के सामान में तोड़फोड़ की थी। इस मामले में पुलिस ने उपद्रवियों पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार रेवा डेयरी के पीछे रहने वाले मदनमोहन मिश्रा (43) एलआईसी में कार्यरत हैं। वे दो दिन पहले अपने परिवार के साथ घर में ताला लगाकर अपने पैतृक गाँव लढौती जिला मैहर गए हुए थे। इसी दौरान रविवार दोपहर करीब 12 बजे उनके पड़ोस में रहने वाली गिरजाबाई और आयुष कोरी ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनके घर में 10 से 12 अज्ञात लोग घुस आए थे हमलावर हाथों में लाठी, डंडे और अन्य घातक हथियार लेकर आए थे।

गुमशुदा बेटी की तलाश में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे पिता ने लगाई गुहार

साहब . .मेरी बेटी को ढूंढ लीजिए

जबलपुर। साहब..मेरी बेटी लापता है, पाटन थाना अंतर्गत नुनसर चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई लेकिन अब तक बेटी का कोई सुराग नहीं लगा है। आप मेरी बेटी को ढूंढ लीजिए, मैं चौकी के चक्कर काट कर थक चुका हूं। ये गुहार पिता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अति. पुलिस अधीक्षक सूर्यकांतशर्मा से लगाई । जिन्हें जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया गया ।

शिकायतकर्ता रामेश्वर तिवारी पिता स्व. गनेश प्रसाद तिवारी ने बताया कि उनकी बेटी तनिषा तिवारी का विवाह ग्राम सरोंद मझगवा में 5 साल पहले संदीप दुबे के साथ हुआ था। बेटी का 4 साल का एक बेटा है 29 अप्रैल को बेटी

संदीप दुबे दमाद की रजा मंदी से ट्रेन से कही गई किन्तु वह लौट कर नहीं आई। जब बेटी घर लौट कर नहीं आई तो दामाद ने सूचना दी उस वक्त तक बेटी का मोबाइल चालू था। दामाद और मैं अपनी बेटी को समझा बुझाकर घर वापस लौटने बोल रहे थे ।3 मई को बेटी ने इलाहाबाद में होना बताया और बेटी ने बोला की मैं 11 बजे रात तक जबलपुर आ जाऊंगी लेकिन वे नहीं लौटी। इसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। गुमशुदगी की रिपोर्ट पाटन थाना अंतर्गत नुनसर चौकी में दर्ज कराई। कई बार बार-बार चौकी के चक्कर काट चुका हूं लेकिन पता नहीं चला ।

मार्तण्ड उग्र : पारा 40 डिग्री पार लू के थपेड़ों ने झुलसाया

जबलपुर। सोमवार को पारा 40 डिग्री पार हो गया ।दिनभर मार्तण्ड के तेवर उग्र रहे। दिन में ऐसा लग रहा था कि मानो जैसे आसमान से आग बरस रही हो। लू के थपेड़े लोगों को झुलसाते रहे। तपिश और लू के चलते लोग बेहाल रहे । गर्मी और सूर्यदेव से बचने लोग सिर और चेहरे को कपड़े से ढके नजर आए। मौसम विभाग की माने तो वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ, मध्य एवं ऊपरी क्षोभमंडलीय पछुआ पवनों में एक ट्रफ के रूप में माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई 67 डिग्री पूर्वी देशांतर व 32 डिग्री उत्तरी अक्षांश के उत्तर में अवस्थित पश्चिम राजस्थान एवं आसपास के क्षेत्र पर माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊँचाई पर एक ऊपरी वायु चक्रवातीय परिसंचरण है। पश्चिम मध्य प्रदेश पर स्थित ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण अब दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश एवं आसपास के क्षेत्र पर माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी ऊँचाई तक विस्तृत है। एक ट्रफ, दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश पर स्थित ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण से लेकर पूर्व मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं झारखंड होते हुए उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल तक विस्तृत व माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी ऊँचाई तक फैला हुआ है।

ऐसा रहा पारा

सोमवार को अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से 4 डिग्री कम रहा। सुबह के वक्त आद्रता 41 और शाम को 21 प्रतिशत दर्ज की गई।

बैठक | निगमायुक्त के साथ बैठक में दिलाया भरोसा

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में भागीदारी करेंगे व्यापारी संघ के पदाधिकारी

नवभारत,जबलपुर। सोमवार को निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सुपर मार्केट व्यापारी संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर स्वच्छता संवाद किया। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत शहर की रैंकिंग को सुधारने में व्यापारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। बैठक के दौरान व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने नगर निगम के अभियान के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता जताई। पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि वे न केवल अपनी दुकानों और आस-पास के क्षेत्र को साफ रखेंगे, बल्कि सुपर मार्केट आने वाले आम जनमानस को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। व्यापारियों ने संकल्प लिया कि वे ग्राहकों को कचरा डस्टबिन में डालने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित करेंगे।

मैदानी स्तर पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

संवाद के तुरंत बाद निगमायुक्त ने व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर सुपर मार्केट क्षेत्र का सघन दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानों के बाहर अतिक्रमण न हो और सामान व्यवस्थित रहे ताकि आवागमन सुगम हो। मौके पर मौजूद स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कचरा संग्रहण और सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

दिनेश कलामे ने संभाला पदभार

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (सम.) के पद पर कार्यरत रहे दिनेश कुमार कलामे ने 11 मई को जबलपुर रेल मंडल में अपर मंडल रेल प्रबंधक, प्रशासन एवं सामान्य जबलपुर के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया।श्री कलामे भारतीय रेल संकेत एवं दूरसंचार सेवा के वर्ष 2007 बैच के अधिकारी हैं। भारतीय रेल के विभिन्न मंडलों एवं रेल जोनों में संकेत एवं दूरसंचार विभाग के महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएँ सफलतापूर्वक प्रदान की हैं। अपने पूर्व कार्यकाल में उन्होंने वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (सम.) भोपाल के अतिरिक्त एजीएम कोटा जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया है। अपने अनुभव, कार्यकुशलता एवं प्रशासनिक दक्षता के कारण वे रेलवे संगठन में एक कुशल एवं अनुभवी अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं।

यात्री आय में दर्ज की 5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मंडलों में यात्री यातायात से प्राप्त राजस्व में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों के निर्देशन तथा तीनों मंडलों के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम माह अप्रैल में यात्री यातायात से 220 करोड़ रूपये से अधिक का ओरिजिनेटिंग राजस्व अर्जित किया। यह पिछले वर्ष के इसी माह में प्राप्त 208 करोड़ रुपये की तुलना में 05 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी यात्री यातायात के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2572 करोड़ रुपये का ओरिजिनेटिंग यात्री राजस्व अर्जित किया था।